सरस्वती-सिरीज़ नं० १२

मृत्यु-किरण

राजेश्वरप्रसाद सिंह

पहला अध्याय

मृत्यु की रेखा

श्रीगंज के उस मनोरम पहाड़ी प्रदेश में इन्द्रविक्रमसिंह जब से आया है, तब से बराबर दिन भर अपनी बन्दूक लिये हुए इधर-उधर घूमा करता है। शिकार खेलने का उसे बड़ा शौक़ है और शिकार की वहाँ कमी नहीं है। सैर हो जाती है, कोई न कोई शिकार भी हाथ लग जाता है और अच्छा मनोरंजन हो जाता है।

उस इलाक़े की जलवायु बड़ी स्वास्थ्य-वर्धक है। बड़ी सुखद हवाएँ वहाँ बहती रहती हैं, प्रकृति अपने दार्शनिक रूप में दृष्टिगोचर होती है और जीवन शान्त गति से चलता प्रतीत होता है। किन्तु शान्त दिखाई देनेवाला प्रत्येक वातावरण सर्वत्र शान्त नहीं होता।

शरद् ऋतु थी। दिन का तीसरा पहर था। बन्दूक लिये हुए, सिगरेट पीता हुआ, सावधानी से इधर-उधर देखता हुआ, इन्द्र धीरे धीरे एक टेढ़ी-मेढ़ी गली में चला जा रहा था। गली के एक मोड़ पर पहुँचकर अज्ञातभाव से एकाएक वह रुक गया।

गली की इसी मोड़ पर एक छोटा-सा सुन्दर बँगला बना हुआ है। उस बँगले में एक सुन्दर वाटिका है। उस सुरम्य वाटिका

थी। किन्तु इसमें सन्देह नहीं कि वह मार्ग निर्जीव हो गया था—
भस्म हो गया था। थोड़ी देर तक और गौर करने के बाद ऐसा
मालूम हुआ जैसे कोई वायुयान उधर से निकला हो और कोई
अत्यन्त तीक्ष्ण तेज़ाब छिड़कता चला गया हो।

किन्तु इन्द्र समझ गया कि उसके अन्य अनुमानों की भाँति
उसका यह अनुमान भी गलत है। अभी दस मिनट पहले भी
एक बार वह वहाँ आया था और उस समय वह भूरी रेखा वहाँ
पर नहीं थी। और न किसी वायुयान की घड़घड़ाहट ही उसने
सारे दिन में एक बार भी सुनी थी। कोई हवाई अड्डा वहाँ नहीं
था, और सच तो यह है कि श्रीगंज के ऊपर वायुयान भी बहुत
कम उड़ते दिखाई देते थे। यह विचार भी स्वतः उसके मस्तिष्क
से निकल गया। वह समझ गया कि वायुयान-सम्बन्धी क्षेत्र में
इस विकट रहस्य के भेद की खोज करना बिलकुल बेकार है।

यह बड़ी विचित्र बात थी कि नष्ट हुई चीज़ों की सूरत-शक्ल
ज्यों की त्यों बनी हुई थी किन्तु ज़रा भी छू जाने पर वे
चूर-चूर होकर गिर जाती थीं। इतना ही नहीं, जहाँ वे खड़ी थीं
उस स्थान की ज़मीन भी बिलकुल नष्ट हो गई थी। और इस
समस्त प्रदेश की भूमि ऐसी-वैसी नहीं, बड़ी सुदृढ़ थी। फिर भी
वह भूमि बिलकुल कोमल और भुरभुरी हो गई थी। ऐसा जान
पड़ता था, मानो वे समस्त तत्त्व ही जिनसे उसकी सृष्टि हुई थी
सर्वथा नष्ट हो गये हों। बिना ज़रा भी ज़ोर लगाये इन्द्र घुटने
तक अपना पैर उसमें धँसा सकता था।

आगे बढ़कर, झाड़ी के समीप जाकर उसने उसकी टहनी
पकड़ी। उस स्थान की पत्तियाँ और टहनियाँ, जहाँ उसने
छुआ था चूर-चूर होकर गिर गईं। उसने उसे पकड़कर ज़ोर से
हिलाया और एक बार की चोट से वह सारी बेल टूटकर
गिर गई। एक साथ, सैकड़ों हज़ार नाड़ियों से उस घनी

स्थान में उस समय मौजूद था, और वह था स्वयं इन्द्र। फिर भी सहसा, बिना किसी स्पष्ट कारण के, वह बड़ी-सी चिड़िया मरकर गिर पड़ी थी। गिरते समय उसने कोई आवाज़ नहीं की थी; लेकिन जब वह ज़मीन से करीब सौ फुट रह गई थी तब उसके पर निर्जीव शरीर से अलग हो-होकर हवा में फड़फड़ाने लगे थे।

जब वह झपटकर उसके समीप पहुँचा था, तब उसमें भी उसे वैसे ही लक्षण दृष्टिगोचर हुए थे जैसे उस मृत्यु-रेखा से नष्ट हुई अन्य वस्तुओं में विद्यमान थे। केवल पर ही नहीं, मांस और हड्डियाँ भी नष्ट होने लग गई थीं। उस बेचारे पक्षी का सारा शरीर राख हुआ जा रहा था। आश्चर्य के आधिक्य से वह हैरान हो उठा था।

उसके बाद भेड़ोंवाली घटना घटी थी। सत्ताईस भेड़ें एक दिन एकाएक धुएँ की तरह उड़ गई थीं। वे अदृश्य हो गई थीं, और कारण का ज़रा भी पता न था। इस घटना के घटने में केवल पांच मिनट लगे थे। गड़रिया झोपड़े के अन्दर गया था और तुरन्त बाहर निकलकर उसने देखा था कि न जाने कैसे सारी भेड़ें गायब हो गईं। उसने कसम खाकर बतलाया था कि केवल पांच मिनट के लिए वह अन्दर गया था। उसका कुत्ता भी उसके पीछे-पीछे अन्दर चला गया था। यह देखकर उसने उसे फिर बाहर भगा दिया था। कुत्ते को बाहर भेजने के शायद केवल एक मिनट बाद ही उसे ज्ञान हो गया था कि सारी की सारी भेड़ें एकाएक गायब हो गई हैं। सारा स्थान खाली पड़ा था। केवल वह कुत्ता भयभीत होकर इधर से उधर दौड़ता व भौंकता फिर रहा था।

सारा मैदान छान डाला गया। पास-पड़ोस के इंच-इंच से वह गड़रिया परिचित था। उसने स्वयं जा-जाकर इंच-इंच

-सी झलमलाती हुई किरण-राशि की भाँति अस्पष्ट रूप में न जाने कब से उसके असन्तुष्ट मन में वह विद्यमान थी। उसके सामने उसके जीवन का सबसे महत्त्वपूर्ण समय आ पहुँचा था।

इन्द्र तीस वर्ष का हो चुका था, किन्तु अभी तक वह विवाह बन्धन से दूर भाग रहा था। उस प्रश्न के प्रति उसके मन में गहन उदासीनता थी। उसकी उस उदासीनता का कारण दूसरे नहीं समझ पाते थे।

इँगलैण्ड में यथेष्ट समय तक उसने शिक्षा प्राप्त की थी। क्रिकेट और टेनिस के खेलों में वह दक्ष था, घुड़सवारी में उसने ऐसी योग्यता प्रदर्शित की थी कि स्वयं उसके शिक्षक को भी हैरत हुई थी, और वह बड़ा पक्का निशानेबाज था। गत विश्वव्यापी महायुद्ध में भी सम्मिलित होकर उसने अपने वीरत्व का परिचय दिया था। और युद्ध के बाद सारे संसार में उसने विस्तृत भ्रमण किया था। किन्तु ये सारी बातें अब उसके लिए महत्त्वहीन हो चुकी थीं।

वह इन्द्र जो रंगरूट की उस गली में उस दिन घुस गया था, अब पहले जैसा बेफिक्र, स्वतन्त्र, मौजी इन्द्र नहीं था। वह अनुभव कर रहा था कि वह बहुत कुछ बदल गया है। संसार के आघातों ने, जीवन के विस्तृत अनुभव ने उसे कठोर, गम्भीर और चिन्ताशील बना दिया था। अमीर होना बहुत अच्छा है, किन्तु अमीरों का सारा वैभव पूर्णतया कष्टहीन भी नहीं होता। उनके लिए भी विशेष प्रकार की समस्याएँ हैं। एक बड़ी जमींदारी का वह एकमात्र अधिकारी है, बैंक में भी उसके लाखों रुपये जमा हैं। लेकिन वह अविवाहित है। और यही अविवाहित होना उसके लिए आफत है, बला है, मुसीबत है।

कई वर्षों से वह उन महानुभावों से बचने की कोशिश कर रहा है जो उसे किसी न किसी तरह विवाह के बन्धन में जकड़

वास्तव में बात यह नहीं थी। वह स्त्री-कण्ठ से निकली हुई बड़ी कोमल, बड़ी सुरीली, बड़ी मीठी आवाज थी। इन्द्र पूरी तरह परास्त हो गया।

जो उसने कहा था, वह था—नमस्कार! क्षमा कीजिए मैं सुन नहीं पाई। आपने क्या कहा था?

"मुझे शान्ति मिली यह सुनकर," इन्द्र ने मुस्कराकर कहा। "बड़ा सुन्दर समय है, उससे हजार गुना अधिक सुन्दर, जितना अभी एक मिनट पहले था।"

"बड़ी अच्छी बात आपने कही है। लेकिन यह तो बताइए, हार्डी कहाँ है?"

इन्द्र को आश्चर्य हुआ।

"हार्डी! उससे आप परिचित हैं क्या? आपको कैसे मालूम हुआ कि वह कुत्ता मेरा ही है?"

वह हँस पड़ी।

"हार्डी से मेरी बड़ी गहरी दोस्ती है। मैंने आपके साथ उसे अक्सर देखा है। अक्सर जब आप शिकार की खोज में इधर-उधर चक्कर लगाते फिरते हैं, तब कुछ फ़ासला रखकर यह आपके पीछे लगा रहता है। कभी-कभी यह यहाँ आता है, और बड़ी बेतकल्लुफ़ी से हड्डियाँ चबाता है। मुझे यह बहुत अच्छा लगता है।"

"यह बड़ी अजीब बात है कि आपको मैंने पहले कभी नहीं देखा। क्या आप यहाँ रह रही हैं?"

"वर्षों से। मेरा यह स्थायी घर है।"

"यह तो और भी ताज्जुब की बात है। मेरा ख़याल था कि मेरी नज़र बड़ी तेज़ है! विश्वास कीजिए, कभी आपकी एक झलक भी मैंने नहीं देखी। किसी को आते देखती हैं तो क्या आप छिप जाती हैं?"

और भेदभरी बातें थीं कि मेरी दिलचस्पी जाग्रत हो गई।"
उसकी दृष्टि एक क्षण के लिए उस मृत्यु-रेखा की ओर चली गई।

"तब तो शायद आप यहाँ अधिक समय तक न ठहरेंगे?" बड़ी सरलता से उसने कहा।

"अधिक समय तक ठहरने का इरादा तो नहीं था," उसकी आँखों में दृष्टि गाड़कर इन्द्र ने कहा: "लेकिन अब सारी बातों पर विचार कर लेने के बाद मैंने निश्चय कर लिया है कि यहाँ तब तक रुकूँगा ..."

"कब तक?"

"जब तक आपके पड़ोस में रहने से मेरी तबीयत न ऊब जायगी। यह बँगला आपका ही है न?"

"हाँ। कभी-कभी मैं यहाँ रहती हूँ।"

"हमेशा नहीं रहती?"

वह फिर हँस पड़ी।

"आपका हौसला अब बढ़ने लगा है" शरारत से मुस्कराते हुए उसने कहा। "ऐसी बातें अब आप पूछने लगे हैं जो एक शिकारी को न पूछनी चाहिए। मेरा ख्याल है कि अब ज़रूरत इस बात की है कि आप अपना ध्यान किसी दूसरी बात की तरफ़ लगायें। इसलिए यदि अब कृपा करके आप जेब से सिगरेट निकालकर जलायें, तो बहुत अच्छा हो।"

इन्द्र हँस पड़ा।

"आपकी सलाह मुझे मञ्जूर है।" मुस्कराते हुए उसने कहा।

एक मिनट के बाद फाटक से लगे हुए चबूतरे पर बैठा हुआ वह बड़ी निश्चिन्तता से सिगरेट पी रहा था और वह चन्दन की तरह उस छोटे-से फाटक पर झुकी हुई खड़ी थी।

इन्द्र ने देखा कि उसके पैर छोटे-छोटे और बहुत सुन्दर हैं। और यह भी उसने देखा कि वह सुनहरी रंग की रेशमी साड़ी

के मामले में हमेशा इसी तरह गड़बड़-झाला कर बैठते हो। देखते नहीं कि मामला क्या है? अब समझे?"

"मुझे बड़ा खेद है," खेदपूर्ण स्वर में इन्द्र ने कहा। "मैं नहीं समझता था कि मैं अनधिकार चेष्टा कर रहा हूँ। मुझे क्षमा करो रजनी!"

"कृपया क्षमा न माँगिए।" दुखपूर्ण स्वर में उसने कहा, "मेरा सारा हाल आपको ठाकुर साहब से मालूम हो जायगा। ठाकुर साहब मेरे सम्बन्ध की कोई बात नहीं छिपायेंगे। विश्वास करिए। और जो कुछ आपको उनसे न मालूम हो सकेगा वह उनकी बेटी से मालूम हो जायगा। बड़ी अच्छी लड़की है अरुणा। उसकी शिक्षा-दीक्षा समाप्त हो चुकी है। कल वह बम्बई से वापस आवेगी। मुझे आशा है, उसे पसन्द करोगे इन्द्र! परेशानी में पड़ जाओगे, अगर उसे पसन्द न कर सकोगे। है न यही बात?"

इन्द्र घूमकर उसकी ओर एकटक देखने लगा। देर तक वह उसे उसी तरह देखता रह गया।

"नहीं, ऐसी बात नहीं हो सकेगी रजनी।" अन्त में निश्चयात्मक स्वर में उसने कहा, "मैं बाध्य नहीं हूँ उसे पसन्द करने को। जहाँ तक मैं जानता हूँ अरुणा से आज तक कभी मेरी मुलाकात नहीं हुई। और विश्वास करो रजनी! उसकी उपस्थिति मेरे ऊपर कुछ भी प्रभाव न डाल सकेगी। क्या मैं जान सकता हूँ कि उसकी चर्चा तुमने क्यों छेड़ी है?"

"ज़रूर जान सकते हो, इन्द्र। मुझे बतलाने में कोई आपत्ति नहीं है। बात यह है कि स्त्रियों का दृष्टिकोण स्त्रियों के प्रति उदार नहीं होता। फिर अरुणा राठौर भी [illegible] नहीं है। अपने चारों ओर दृष्टि दौड़ाओ। इन लड़कियों के ढेर में [illegible]

री ही बात ठीक निकलेगी। ख़ैर, अब मैं अन्दर जाऊँगी। र्दी लग रही है।"

इन्द्र उठ खड़ा हुआ।

"मैं नहीं जानता, रजनी! कि अभी मुझे क्या जानना बाक़ी । लेकिन चाहे जो कुछ सुनने को मिले, मैं इसी समय बिना ज़रा भी हिचक के कह सकता हूँ कि तुमसे भेंट करने में मुझे दैव अपार प्रसन्नता होगी। कल तुमसे भेंट हो सकेगी?"

"अगर भेंट करना ही चाहोगे, तो हो सकेगी।"

"तो कल चार बजे फिर इसी स्थान पर मैं आऊँगा। मुझे ड़ा दुःख होगा, बड़ी निराशा होगी अगर उस समय तुम यहाँ । मिलोगी।"

इन्द्र ने अपना हाथ धीरे से उसके हाथ पर रख दिया। जनी ने मुस्कराने की कोशिश की, लेकिन उसका प्रयास सफल नहीं हो सका। वह मुड़कर बँगले की ओर बढ़ी।

"सुनो तो रजनी!" इन्द्र ने कहा। "इस गली का नाम क्या है?"

"मिलन-कुञ्ज!" रुककर, मुख मोड़कर रजनी ने उत्तर दिया। और फिर वह तेज़ी से चली गई।

वह मन्त्रमुग्ध दृष्टि से उसकी ओर, जब तक वह दिखाई देती रही, देखता रहा। फिर एक दीर्घ-निःश्वास खींचकर घर की ओर चल पड़ा। उसके मन में विभिन्न भावनाओं का एक तूफ़ान-सा उठा हुआ था। और उसका उद्वेलित हृदय एक विचित्र, मधुर, कटु पीड़ा के भार से भारी हुआ जा रहा था। उसकी पूर्वसंचित धारणायें ढेर हुई जा रही थीं और उसके हृदय में नवीन धारणाओं की सृष्टि हो रही थी। गली पीछे छूट गई। वह उस कच्चे चौड़े रास्ते पर पहुँच गया जिसे सड़क कहा जाता था।

तीसरा अध्याय

दो कारण

रायबहादुर ठाकुर रामेन्द्रप्रतापसिंह राठौर योरपीय सभ्यता-रंग में पूरी तरह रंगे हुए थे। अनेक वर्षों तक वे योरप और अमेरिका में भ्रमण और निवास कर चुके थे। वे योरपीय ढंग से रहते थे, योरपीय तथा भारतीय दोनों प्रकार के भोज्य पदार्थ सेवन करते थे। एक बहुत बड़े इलाक़े के वे एकमात्र स्वामी थे। धन की उन्हें कोई कमी नहीं थी। रहने के लिए रामेन्द्र-भवन सा सुन्दर, विशाल भवन था। सेवा के लिए सेवकों की एक छोटी-सी पलटन। वस्त्र आपके लन्दन और पेरिस से सिलकर आते थे, भोजन के पदार्थ कलकत्ता और बम्बई से। [illegible] ऐसे जंगल में भी उनके लिए सदैव मंगल बना रहता था। किन्तु इधर कुछ दिनों से वे कुछ विकल-से दिखाई देने लगे थे। कारण किसी को ज्ञात नहीं था।

रामेन्द्र-भवन का निर्माण उन्होंने विदेश से लौटने के बाद कराया था। उसके निर्माण में लाखों रुपये खर्च हुए थे। भवन आधुनिक ठाटबाट से वह पूरी तरह सुसज्जित था। दूर के एक नगर से बिजली का करेंट वहाँ तक लाया गया था। टेलीफोन भी लगा था, तैरने का एक तालाब भी था, ठण्डक और गर्मी पहुँचाने के लिए मशीनें भी थीं। उसकी बनावट बड़ी सुन्दर थी, हर दृष्टिकोण से वह दर्शनीय था। आराम के सारे साधन वहाँ विद्यमान थे—किसी चीज़ की कमी नहीं थी।

रामेन्द्र-भवन का सुसज्जित डाइनिंग-हॉल विद्युत्-प्रकाश से जगमगा रहा था। चमचमाती-दमकती मेज़ के सामने ठाकुर साहब और इन्द्र आराम से बैठे थे। भोजन समाप्त हो चुका था। दीवार में लगी हुई घड़ी ने नौ बजाये। खानसामा [illegible]

...गार की ओर देखते हुए, कमीज में लगी हुई हीरे की
...र उँगलियाँ फेरते हुए वे जरा देर तक कुछ सोचते रहे।

"एक सप्ताह से मैं इस प्रश्न की प्रतीक्षा कर रहा था।"

"यह तो कोई उत्तर नहीं है जनाब!"

"यह स्थान बड़ा रमणीक है। यहाँ की जल-वायु स्वास्...
...क है। शिकार यहाँ जी भरकर खेला जा सकता है।"

"वाह, साहब वाह! आप मुझको बिलकुल बच्चा समझ...
...? यह स्थान बेशक रमणीक है; किन्तु इससे कहीं अधि...
रमणीक स्थान इस देश में भरे पड़े हैं। शिकार खेलने के लि...
मुझे इतनी दूर आने की जरूरत नहीं थी। और मेरा स्वास्थ्य
बहुत अच्छा है। मुझे जलवायु-परिवर्तन की जरा भी आव-
श्यकता नहीं थी।"

ठाकुर साहब ने गला साफ़ किया। फिर वे विचित्र दृष्टि से
...इन्द्र की ओर देखने लगे। वे बड़े रूपवान और तेजस्वी थे।
उनके बाल तो जरूर सफ़ेद हो गये थे; लेकिन उनका शरीर
अभी बलिष्ठ तथा सुगठित था। आत्म-विश्वास, आत्म-
निर्भरता, आन्तरिक शान्ति तथा स्वाभाविक निर्भयता उनके
चेहरे से टपकती थी। उनके वस्त्र उनके शरीर पर खूब
खिलते थे।

अगाध शान्ति, असीम निस्तब्धता का जो सुनिश्चित साम्राज्य
उनके उस विशाल भवन के चारों ओर फैला हुआ था, उसी के
वे एक अंग प्रतीत होते थे। वहाँ अपार वैभव था, उस एकान्त में
जिसमें वे रहते थे। फिर भी न जाने क्यों ऐसा भान होता था
मानो किसी अज्ञात अशान्ति की छाया उनके मस्तिष्क में चक्कर
काटती रहती हो और किसी अज्ञात आशंका की अनुभूति
उनके हृदय में जमकर बैठ गई हो। उनका हृदय इन दिनों मानो
इन दोनों अस्वाभाविक भावनाओं ने उलझा कर रखा था।

भीड़ हो, हँसी हो, चुहल हो, रस-रंग हो। वहीं मेरी तबीअत
हो सकेगी, यहाँ तो गिरती ही चली जायेगी।"

"लेकिन अगर मान लीजिए कि मैंने भी यहाँ कुछ विचित्र
देखी हैं तो.."

ठाकुर साहब ने उसकी ओर तेज़ी से देखा और शान्ति की
न ली।

"सच कहते हो? तुमने भी देखी हैं?"

इन्द्र ने सिर हिलाया।

"जी हाँ, शान्त स्वर में उसने कहा। बाहर मैदान में दो-
बड़ी आश्चर्यजनक बातें मैंने भी देखी हैं। मुझे भी उन बातों
चक्कर में डाल दिया था, और मुझे भी सन्देह हुआ था कि सो
हूँ या जाग रहा हूँ, स्वप्न देख रहा हूँ या कोई वास्तविक
ना घट रही है। उन बातों पर आसानी से विश्वास नहीं
ा। स्वभावतः मन में प्रश्न उठता है कि आखिर यह सब हो
ा रहा है, जादू या तिकड़म, दैवी या दानवी अभिनय? अगर
ी ही बातें आपने भी देखी हैं, तो यह सोचकर आप अपने
बिल्कुल परेशान न करें कि आपके दिमाग में कोई गड़बड़ी
हो गई है और आप निर्मूल दुष्कल्पनायें करने के आदी हुए
रहे हैं। आपका दिमाग सही है, आपके होश-हवास बिल्कुल
स्त हैं। जो विचित्र, रहस्यपूर्ण घटनायें घटी हैं वे भी बिल्कुल
सच्ची हैं।"

ठाकुर साहब कुछ देर तक निरुत्तर रहे। ऐसा जान पड़ता
मानों वे विरक्त विचारों को अपने मस्तिष्क से दूर करने
चेष्टा कर रहे हों और सोच रहे हों कि अब उन्हें क्या करना
चाहिए?

"इन घटनाओं के सम्बन्ध में आप किस परिणाम पर
पहुँचे हैं, जनाब?" सहसा इन्द्र ने पूछा।

चन्तित और उत्तेजित थे और किंचित् भयभीत भी दिखाई दे
हे थे। उनकी आँखों में विकट विरोध की भावना व्यक्त हो
ई थी और उनका सिर दृढ़ निश्चयसूचक भाव से तन
या था।

इन्द्र ने वार्तालाप का प्रसंग दृढ़तापूर्वक बदल दिया। रजनी
ा सम्बन्ध रखनेवाली ठाकुर साहब की बातें उसके हृदय में
ीर की तरह, तेज छुरी की तरह लगी थीं, लेकिन ठाकुर साहब
ो यह नहीं मालूम हो सका था। इन्द्र के उत्तर की पूर्ण उत्सुकता
े वे प्रतीक्षा कर रहे थे, उसके इस आश्वासन की कि
ह राजेन्द्र भवन में रुका रहेगा और अपने मस्तिष्क और
ाहस से उन भयानक, दुर्भेद्य रहस्यों को हल करने में उनकी
ूरी सहायता करेगा।

"आपने कहा था कि दो कारणों से आपने मुझे यहाँ
ुलाया था," सिगार की राख झाड़कर उसने कहा। "आप यह
ान सकते हैं कि पहला कारण समझ और स्वीकार कर लिया
ाया है। दूसरा कारण क्या है?"

ठाकुर साहब का चेहरा शान्त हो गया। वे जान गये कि
अपने उस युवक मित्र पर भरोसा कर सकते हैं। ऐसा ज्ञात
होने लगा मानो उनके कंधों से एक बहुत भारी बोझ उतर
गया हो। उनके चेहरे पर प्रसन्नता का प्रकाश व्यक्त हो गया
और वे शान्तिसूचक भाव से मुस्कराये।

"प्यारे इन्द्र! दूसरा कारण पहले कारण से भी अधिक
आवश्यक और महत्त्वपूर्ण है।"

"जी!"

"मेरी ऐसी धारणा है कि बम्बई में आपत्ति आ रही है। इसका
यही अपनी मान्यता है इन्द्र! और तुम अभी तक अविच-
लित हो।"

यन्त्र का भार मैं तुम्हारे ऊपर छोड़ जाऊँ। यह बात मेरे हृदय में जमी बैठी है। उस दिन मुझे अपार प्रसन्नता होगी जिस दिन मेरा निश्चय पूरा हो सकेगा। सम्भव है कि यह शीघ्र पूरा हो जाय। मेरा ख्याल है कि अरुणा के आगमन के एक सप्ताह बाद ही शायद अनुकूल वातावरण पैदा हो जायेगा।"

"मालूम होता है कल का दिन बड़ा अच्छा होगा," इन्द्र ने ज़ोर देकर कहा।

ठाकुर साहब मुस्कराये।

"आज का दिन कैसा रहा?" उन्होंने पूछा।

"बहुत अच्छा," इन्द्र ने उत्तर दिया। उसके स्वर की दृढ़ता ने ठाकुर साहब को चौंका दिया।

"कितने हाथ लगे?"

"नहीं, एक भी नहीं। कुछ काटने मार लेने से कहीं अधिक सफलता हाथ लगी।"

"किस तरह?"

इन्द्र मुस्कराया।

"एक बात बतलाइए ठाकुर साहब! रजनी-कुटीर में रहने-वाली वह लड़की कौन है?"

ठाकुर साहब सम्भल कर अपनी कुर्सी पर बैठ गये।

"कौन लड़की?"

"माफ कीजिएगा, उसे शायद आपने शैतान की बेटी कहा था।"

ठाकुर साहब के माथे पर बल पड़ गये।

"उससे कहाँ भेंट हुई थी?" दृढ़तापूर्वक उन्होंने पूछा।

"उस सुन्दर वन्नी में जिसे मिलन-कुंज कहते हैं," लापरवाही से इन्द्र ने उत्तर दिया। "आपके सरकार की सम्पत्ति पर जाने का

ते हैं ? उनकी घृणा का कोई न कोई कारण तो अवश्य
गा ?"

"यहाँ रहनेवाले कितने आदमियों ने उससे बातचीत
है ?"

"यह मैं कैसे बतला सकता हूँ ? सम्भव है किसी ने न
। हो ।"

"बिलकुल ठीक । यही है इस दुनिया का ढंग । जिसे चाहा
दनाम कर दिया और उससे घृणा करने लगे, कारण कोई हो
। न हो । किसने उस लड़की को बदनाम किया ? आप नहीं
ानते । मैं नहीं जानता । कोई तीसरा व्यक्ति भी शायद नहीं
ानता । बदनाम तो वह हो ही गई और किसी बात से किसी
ो क्या प्रयोजन है ? माफ कीजिएगा ठाकुर साहब, उसे बदनाम
रने की निम्न क्रिया में आपने भी सहयोग प्रदान किया है, अब
ी कर रहे हैं । सामाजिक ईर्ष्या, द्वेष, संकीर्णता की उसी पुरानी
था की पुनरावृत्ति इस उजड़े जंगली प्रदेश में आज एक बार
फर हो रही है । आप लोगों के बीच वह एक अजनबी है, इसलिए
सी के अतिरिक्त और हो ही क्या सकता है ! वाह, साहब वाह !
खूब है आप लोगों का न्याय ! यह बात आपको कैसे मालूम हुई
क वह बनर्जी के साथ रहती है ?"

"यहाँ का बच्चा-बच्चा यह जानता है बेटा ! रजनी-कुटीर
पर सैकड़ों बार देखा जा चुका है । पक्के तौर पर मैं यह
ात जानता हूँ कि कई वर्षों से यह उस घर में रह रही है । अग-
र वह वहाँ नहीं रहता और इससे [illegible] और भी [illegible]
ो जाती है । कभी-कभी किसी [illegible] ढंग से या महीनों के
[illegible] न जाने कहाँ गायब हो जाता है, [illegible]
[illegible]
[illegible]

"उस बँगले से आप उसे निकाल क्यों नहीं देते ? आपके सामने कौन-सी अड़चन है ? उसके स्वामी तो आप ही हैं।"

"उसके नाम पट्टा लिख चुका हूँ। नहीं, पट्टा वास्तव में बनर्जी नाम है। वह लड़की तो बाद में आकर उस घर में रहने लगी मैं उसे जरूर निकाल देता; अगर निकाल सकता। मुझे उसे निकाल देने में बड़ी खुशी होती। हैं! लैम्पों को यह क्या हुआ रहा है ?" उनकी आवाज तीव्र हो गई और उसमें भय की छाया आ गई।

लाल पर्दों में ढँके हुए वे बल्ब विचित्र हरकतें करने लगे। उनका प्रकाश क्रमशः मन्द पड़ता गया। ऐसा जान पड़ता था मानो उन्हें प्रकाश देनेवाली विद्युत-शक्ति को कोई खींच-खींच र बाहर फेंक रहा हो। उस कमरे की बड़ी-बड़ी खिड़कियों से र के अन्य भाग भी दिखाई देते थे। वहाँ भी ठीक ऐसी ही दशा हुई जा रही थी।

"शायद करेंट फेल हुआ जा रहा है," इन्द्र ने लापरवाही से कहा।

मानो उसके इस कथन का प्रतिवाद करने के लिए ही बल्बों का प्रकाश तेज होने लगा। प्रकाश तीव्र होता गया और उन बल्बों में असाधारण चमक आ गई।

"मेनस्विच खराब हुआ जा रहा है," इन्द्र ने कहा। "तमाम रोशनियाँ अभी एकाएक बुझ जायेंगी।"

लेकिन मेनस्विच का असाधारण [illegible] नष्ट करने में असफल होता जान पड़ा। कई बार रह रह कर तीव्र प्रकाश तीव्रतर, तीव्रतम होता गया, फिर अल्ट्रावायलेट [illegible] में उनका रंग बैंगनी गया। अचानक [illegible] [illegible] [illegible] अनर [illegible] लगा और इन्द्र को ऐसा जान पड़ने लगा मानो उसके [illegible] त्वचा में [illegible] सुन रहा हो। और इसके [illegible]

...ी रक्षक आवरण के अभाव के कारण हलकी रगड़ खाकर
...स्थान-स्थान पर फट गई हो। उँगलियों के छोरों से रक्त की
टपक रही थीं।

"इन्द्र! इन्द्र! क्या मामला है? मेरे हाथ जल रहे हैं! गर्मी
...मारे मैं पागल हुआ जा रहा हूँ। और तुम्हारा चेहरा बिलकुल
...हीन-सा हो गया है।"

बाहर के बड़े हाल से सेवकों की डरी हुई आवाजें आ रही
...। वे अपने कण्ठ-स्वरों को दबाने की कोशिश करते हुए भी
...न पड़ते थे, किन्तु उनके इस प्रयास के कारण उनकी आवाजें
...र भी तीव्र हुई जा रही थीं। वे भयभीत थे और अपने भय
...छिपाने का प्रयत्न भी नहीं कर रहे थे। रामेन्द्र-भवन में कोई
...सा काण्ड हो रहा था जिसे समझ पाना उनके लिए सर्वथा
...सम्भव था। उसे समझने का प्रयास कर सकना भी उनके लिए
...सम्भव हो रहा था। और उनकी यह विवशता अत्यधिक
...आतुरता के रूप में प्रदर्शित हो रही थी।

विशाल सदर दरवाजों के खुलने और कुछ सेवकों के बाहर
...कल भागने की आवाजें आईं। भगदड़ मच गई थी। भागने-
...नों के मन में केवल एक विचार था और वह यह था कि उन
...लसा देनेवाली, [illegible] मारनेवाली भयानक किरणों के प्रभाव-क्षेत्र
किसी तरह बच निकला जाय।

तब एक शान्त, गम्भीर आवाज सुनाई पड़ी। वह [illegible]
...राम की आवाज थी।

"भागो!" उसने कहा—"शान्त हो जाओ। बिलकुल [illegible]
[illegible] मत पैदा करो। [illegible] रामेन्द्र-भवन
काम नहीं चल सकेगा। [illegible]
[illegible]
[illegible] की आज्ञा से [illegible] है।"

इन्द्र तुरन्त एक ऊँची-सी कुर्सी पर चढ़ गया जो एक खिड़की के निकट रक्खी हुई थी। उचककर उसने वह पीतल का डंडा पकड़ लिया जिस पर भारी-भारी परदे टँगे हुए थे। वह काफी मोटा था और करीब बारह फीट लम्बा था। पूरी ताकत लगाकर उसने उसे ज़ोर से खींच लिया और परदे अलग कर दिये। फिर डंडे का एक सिरा उसने उस बड़ी अंगीठी में फँसा दिया जो एक ओर दीवार में बनी हुई थी। डंडे का दूसरा सिरा लैम्पों के झुरमुट के बिलकुल निकट तक पहुँच गया। दोनों के बीच केवल चन्द इञ्चों का फासला रह गया।

एक कुर्सी खींचकर उसने डंडे को सहारा दे दिया और फिर डंडे की एक चोट से उसने एक बल्ब तोड़ दिया। कुर्सी को धक्का दे देने से डंडे का वह सिरा टूटे हुए बल्ब में फँस गया। उसके ऐसा कर देने से विचित्र दशा उत्पन्न हो गई। फड़फड़ाहट बन्द हो गई और प्रकाश की चमक तेज़ होने लगी। चमक इतनी तीव्र हो गई कि लैम्पों की ओर देखने से आँखें दुखती थीं। [illegible] एक-एक करके लैम्प टूटने-फूटने लगे। चिनगारियों और गले हुए शीशे की बौछार-सी फर्श पर गिरने लगी। सारे घर में चटा[illegible]ड़ हो रहा था। सोडा की बोतलों के और न खुलने की-सी आवाज़ बराबर आ रही थी। उष्णता के आधिक्य से, [illegible] पीतल का वह डंडा बिलकुल सुर्ख़ हो गया था।

फिर उन रहस्यपूर्ण किरणों का उपद्रव शान्त होने लगा। हवा [illegible]की होने लगी। और अब केवल [illegible] मकान के किसी [illegible] भाग में किसी बल्ब के टूटने की आवाज़ आ जाती थी। [illegible] तेज़ [illegible]-सी गंध हवा में भरी हुई थी। जो नाक में [illegible] करती थी।

ठाकुर साहब ने उस कुर्सी की पीठ की ओर संकेत किया [illegible] पर वह डंडा टिका रक्खा था। उसने [illegible] के बराबर कुर्सी

"ठीक कहते हो इन्द्र !"

असीम विवशता से वे इधर-उधर दृष्टि दौड़ाने लगे। इस नये प्रदर्शन ने उन्हें पूरी तरह परेशान कर दिया था। वे समझ नहीं पा रहे थे कि क्या सोचें, क्या करें ? उनकी बुद्धि परास्त हो गई थी।

कालूराम ने स्टैंड मेज के मध्य में रख दिया। फिर सिर झुकाकर वह पीछे हट गया।

"अगर हुजूर की आज्ञा हो," उसने कहा, "तो मैं टेलीफोन से बिजली-घर के अधिकारियों को यहाँ की गड़बड़ी के बारे में इत्तला दे दूँ और उनसे कह दूँ कि जितनी जल्दी हो सके मरम्मत का काम शुरू कर दें ?"

"जरूर कह दो," ठाकुर साहब ने उत्तर दिया। "और देखो कालूराम, उन लोगों से यह भी कहना कि अगर मुमकिन हो तो आज रात को ही यहाँ मरम्मत शुरू कर दी जाय।"

"बेहतर है हुजूर !"

हाँफता काँपता एक दूसरा सेवक अन्दर आया। उसने थर्राये हुए स्वर में बतलाया कि तमाम लैम्पों के बुझ जाने के बाद जब मकान में पूर्ण अन्धकार छा गया तो उसने साफ-साफ देखा कि एक गर्म, चमकती हुई सफेद रेखा भूमि को छूती हुई घर के ऊपर की ओर उठ कर गिर गई।

"यह रेखा कैसी थी—आग की लकीर की तरह ?" आगे बढ़कर इन्द्र ने पूछा। "क्या ऐसा मालूम होता था कि कोई चलता-सा तार एकाएक जल उठा और फिर तुरन्त ही बुझ गया ?"

सम्मतिसूचक भाव से सेवक ने सिर हिलाया।

"बिलकुल ऐसा ही मालूम होता था हुजूर !"

"ठीक है। अच्छा, यह बताओ किस ओर यह देखी गई थी ?"

"आदाब-अर्ज़ जनाब !" अन्यमनस्क भाव से इन्द्र ने कह[ा]

"अच्छा ! कहाँ जा रहे हो ?"

"मैं !" दरवाज़े पर घूमकर इन्द्र बोला। "मैं उस अ[illegible]
हुए नार का पीछा करने, पता लगाने जा रहा हूँ।"

"लेकिन... लेकिन, बेटा, वह तो सीधे रजनी कुटीर क[illegible]
[ओ]र गया है !"

"तो इसमें क्या हुआ ?"

"उस घर में मृत्यु तुम्हारा स्वागत करेगी।"

"मृत्यु नहीं जनाब !—आशा !" शान्त, स्थिर स्वर में इन्द्र ने
[क]हा। "और मैं वहाँ जा रहा हूँ—अभी—अकेले। उस घर का
भेद कितना भी जटिल क्यों न हो, आज रात को उसका पता
लगाकर ही दम लूँगा !"

दरवाज़ा धीरे से बन्द हो गया। उस विशाल ड्राइंग-रूम
[मे]ं ठाकुर साहब अकेले रह गये।

पाँचवाँ अध्याय

घातक आक्रमण

अन्धकार में टटोल-टटोलकर चलता हुआ इन्द्र अपने कमरे
में पहुँचा। इस समय उसे दो चीज़ों की आवश्यकता थी—एक
टॉर्च और दूसरी रिवाल्वर की। पर, अपने टेबल टटोल-टटोलकर
देखने लगा। उसे दोनों चीज़ें थोड़ी देर के बाद मिल गईं।

टॉर्च तो निर्जीव-सी चीज़ थी किन्तु यह रिवाल्वर बेहद
[illegible]पयोगी था। आक्रमण तथा रक्षा दोनों में निश्चित उस पर
निर्भर रहा जा सकता था। उसे हाथ में लेकर वह कुछ क्षणों तक
ध्यान से देखता रहा। फिर [illegible] कहीं [illegible]

रहस्यमय, टेढ़ी-मेढ़ी रेखा चली गई थी। कहीं कहीं थोड़ी थोड़ी मिट्टी से वह ढँक दी गई थी, किन्तु अग्नि की उष्णता इतनी अधिक थी कि तार के जलने के चिह्न मिट्टी के बाहर भी दिखाई दे रहे थे।

ऐसा जान पड़ता था कि तार के लगानेवाले या लगानेवालों ने शायद सोचा था कि काम हो जाने के बाद उसे लपेटकर हटा लेंगे ताकि खोज करनेवाले उसे देख न सकें क्योंकि मैदान में पहुँचने के बाद उसे छिपाने की चेष्टा बिलकुल त्याग दी गई थी। यहाँ वह रेखा बिलकुल स्पष्ट दिखाई दे रही थी। जब अत्यधिक विद्युत-शक्ति से भरा हुआ वह तार जला था तब झाड़ियों की जड़ें भी जल गई थीं।

कुछ क्षणों के लिए चाँद फिर निकल आया। आगे का रास्ता करीब सौ गज तक साफ दिखाई देने लगा। सचमुच वह रेखा ठीक रजनी-कुटीर की ओर चली गई थी। बैटरी की बचत करने के ख्याल से टार्च बुझाकर वह तेजी से आगे बढ़ा।

बहुत दूर आगे, करीब दो मील की दूरी पर प्रकाश की एक नन्हीं-सी शिखा अंधकार के परदे में एकाएक झलमलाने लगी। वह प्रकाश-शिखा रजनी-कुटीर की एक खिड़की के अन्दर नृत्य कर रही थी। ओठ दाबकर वह उस अद्भुत, मनोमुग्धकारी दृश्य की कल्पना करने लगा, जो आज ही सौभाग्यवश उसे देखने को मिला था—वह मधुर, आह्लाद-भरा दृश्य! उसे वह लड़की कितनी अच्छी, कितनी प्यारी लगी थी, उसने उसके हृदय को किस हद तक आन्दोलित कर दिया था! उसे यह कभी भूल नहीं सकता, दुनिया उसके बारे में चाहे जो कहे।

रजनी का चित्र मस्तिष्क से हट गया। उसके स्थान पर लम्बी पोशाकवाले उस अद्भुत, पागल वैज्ञानिक का चित्र उभरा जो उस कमरे में एक कोने से घूमता हुआ आया था और झुक-

निकाल लिया और उसके घोड़े का खटका चढ़ा दिया। उस विकट नीरवता में खटके का वह मद शब्द विचित्र लगा। स्थिर भाव से लेटा हुआ, दम साधे हुए, वह उस व्यक्ति की प्रतीक्षा करने लगा।

वह लंबा, श्याम वस्त्र-धारी, मनहूस व्यक्ति दृष्टिगोचर हुआ—वह जड़, हृदयहीन, अन्तरात्माहीन व्यक्ति ऐसा जान पड़ता था जैसे वह उस भूमि को ही छाप ले रहा हो जिस पर वह चल रहा था, उस वायु को ही दूषित किये दे रहा हो जिसमें वह सांस ले रहा था। किसी चट्टान में खुदी जड़ मूर्ति के चेहरे के समान उसका चेहरा बिलकुल निर्जीव भावहीन-सा प्रतीत होता था। वह पीला, मन्द प्रकाश उसके चेहरे पर एक क्षण के लिए पड़ा। घनी भौंहों के नीचे से उसकी स्थिर, भावहीन आँखें सीधे, एकटक अन्धकार की ओर घूर रही थीं। चुपचाप, समान गति से वह इन्द्र के पास से चला गया। इतने निकट से घनश्री को आज तक किसी ने नहीं देखा था।

इन्द्र उठकर उसका पीछा ही करना चाहता था कि एकाएक उसे किसी दूसरे व्यक्ति की पग-ध्वनि सुनाई देने लगी। घनश्री की चाल से पूरा इत्मीनान टपक रहा था और मालूम होता था कि अपने पैरों के नीचे पड़नेवाली एक-एक इंच भूमि से वह पूरी तरह परिचित है। किन्तु इस दूसरे व्यक्ति की चाल में वह बात नहीं थी। वह झिझकता हुआ, कुछ रुकता हुआ-सा चल रहा था मानो उसे पता ही न हो कि वह कहाँ चल रहा है; मानो उसके मन में आत्म-विश्वास का, निश्चिन्तता का सर्वथा अभाव हो।

घुटनों के बल सावधानी से कुछ उठकर इन्द्र ने गौर से देखा। अन्धकार के पर्दे में एक [illegible] नहीं थी। वह पहचान गया।

"मेरा मित्र है और खुफिया-विभाग का एक बड़ा अफसर। आप उसे पसन्द करेंगे। वह बड़ा साहसी, दृढ़-प्रतिज्ञ और विश्वास करने के योग्य है। इस तरह के काम वह सारी जिन्दगी करता रहा है और प्रेतात्माओं से वह जरा भी नहीं डरता। उस के मन में आप किसी तरह जरा भी घबराहट पैदा नहीं कर सकते। इस मामले को हल करने के लिए उसी तरह के आदमी की जरूरत है।"

"रामेन्द्र-भवन को मैं जासूसों का अखाड़ा बनाना नहीं चाहता", दृढ़ स्वर में ठाकुर साहब ने कहा। यह बात उन्हें पसन्द नहीं आई कि क़ानून इस मामले में हस्तक्षेप करे और उन जटिल रहस्यों के उद्घाटन की चेष्टा करे जिनके प्रभाव-क्षेत्र में रामेन्द्र-भवन भी आगया था।

"रामेन्द्र-भवन का नामोनिशान मिट जाने देने की अपेक्षा जासूसों को बुलाना बेहतर होगा," इन्द्र ने तुरन्त उत्तर दिया, "जो हो, कल सबेरे ही तार देकर मैं टंडन को बुलाऊँगा। मुझे तो जान पड़ता है कि इस मामले में ऐसी सम्भावनायें निहित हैं, जिनकी हम कल्पना भी नहीं कर रहे हैं। बनर्जी मूर्ख नहीं है, केवल मनोरंजन के लिए वह यह सब नहीं कर रहा है। कोई जबरदस्त योजना इसके पीछे है। वह ऐसी शक्तियों से खेल रहा है जिनका हमें कुछ भी ज्ञान नहीं है, किन्तु एक मँजे हुए उस्ताद की तरह वह उनसे पूर्णतया परिचित है। जितनी जल्दी अधिकारियों को हम इन बातों की सूचना दे सकें उतना ही हमारे पक्ष में और न जाने कितने लोगों के हक में अच्छा होगा।"

"टंडन से तुम्हारा परिचय कैसे हुआ?" अप्रसन्न भाव से ठाकुर साहब ने पूछा।

"कितने ही मामलों में मैंने उसकी सहायता की है। [illegible] मनोरंजन के लिए मैं भी जासूसों का काम करता हूँ। इस [illegible]

"मेरा मित्र है और खुफिया-विभाग का एक बड़ा अफसर। आप उसे पसन्द करेंगे। वह बड़ा साहसी, दृढ-प्रतिज्ञ और ऐतबार करने के योग्य है। इस तरह के काम वह सारी जिन्दगी करता रहा है और प्रेतात्माओं से वह ज़रा भी नहीं डरता। टंडन के मन में आप किसी तरह ज़रा भी घबराहट पैदा नहीं कर सकते। इस मामले को हल करने के लिए इसी तरह के आदमी की जरूरत है।"

"रामेन्द्र-भवन को मैं जासूसों का अखाड़ा बनाना नहीं चाहता", दृढ़ स्वर में ठाकुर साहब ने कहा। यह बात उन्हें पसन्द नहीं आई कि कानून इस मामले में हस्तक्षेप करे और उन जटिल रहस्यों के उद्घाटन की चेष्टा करे जिनके प्रभाव-क्षेत्र में रामेन्द्र-भवन भी आगया था।

"रामेन्द्र-भवन का नामोनिशान मिट जाने देने की अपेक्षा जासूसों को बुलाना बेहतर होगा," इन्द्र ने तुरन्त उत्तर दिया, "जो हो, कल सवेरे ही तार देकर मैं टंडन को बुलाऊँगा। मुझे तो जान पड़ता है कि इस मामले में ऐसी सम्भावनायें निहित हैं, जिनकी हम कल्पना भी नहीं कर रहे हैं। बनर्जी मूर्ख नहीं है, केवल मनोरंजन के लिए वह यह सब नहीं कर रहा है। कोई जबरदस्त योजना इसके पीछे है। वह ऐसी शक्तियों से खेल रहा है जिनका हमें कुछ भी ज्ञान नहीं है, किन्तु एक मंजे हुए उस्ताद की तरह वह उनसे पूर्णतया परिचित है। जितनी जल्दी अधिकारियों को हम इन बातों की सूचना दें सकें उतना ही हमारे हक में और न जाने कितने लोगों के हक में अच्छा होगा।"

"टंडन से तुम्हारा परिचय कैसे हुआ?" परम्परागत भाव से ठाकुर साहब ने पूछा।

"कितने ही मामलों में मैंने उसकी सहायता की है। अपने मनोरंजन के लिए मैं भी जासूसी का काम करता हूँ। इस तरह

सम्भव है उस कष्टदायक वर्षा ही के कारण उनकी हिम्मत
त हो गई हो। अर्ध-रात्रि का समय आया ही चाहता था।
ाकाश के धुँधले परदे से जल धीरे-धीरे गिर रहा था। झाड़ियों
ार वृक्षों की छायाएँ ऐसी लग रही थीं मानो श्मशान से भूत
ार-उधर खड़े हुए पहरा दे रहे हों। भयानक सन्नाटा चारों ओर
ाया था। इन्द्र को अपने मन में स्वीकार करना पड़ा कि वहाँ
स तरह देर तक खड़ा रहना कोई आसान काम नहीं है।

पानी मे भीगता हुआ वहाँ वह कई मिनट तक और रुका
ा—इस आशा मे कि शायद ठाकुर साहब का कुछ पता लग
ाय। सहसा वह कानों पर जोर देकर सुनने लगा। गली मे
ी पद-ध्वनियाँ आने लगीं। वह तुरन्त ताड़ गया। सन्देह की
ई गुञ्जाइश नहीं रही। बनर्जी घर वापस आ रहा था। साव-
नी की उसे कोई आवश्यकता नहीं थी। अपने पैरों की आवाज़
दाबने की आवश्यकता भी उसे अनुभव नहीं हो रही थी।

सीधे, बिना इधर-उधर देखे हुए वह फाटक में घुसा और
व्यवस्थित गति से बँगले की ओर बढ़ा। न जाने क्यों ऐसा
ीत होता था मानो सात फुट लम्बा, तगड़ा वह मनुष्य संसार
सारे मनुष्यों को अपने सामने भुनगा समझता हो, नीच
समझता हो।

सदर दरवाजा खोलकर इन्द्र मकान के भीतर चला गया।
न दबे-पाँव खिड़की के समीप जाकर वह सावधानी से अन्दर
झाँकने लगा। उसके हृदय में अन्दर का दृश्य देखकर क्रोधाग्नि
भड़क उठी। रजनी बनर्जी के बाहुपाश में तन्मयतापूर्वक, उन्म-
त्तापूर्वक बँधी हुई थी। उसके हाथ बनर्जी के गले में पड़े हुए
और वह उसके सूखे चमड़े से होंठों का चुम्बन कर रही थी।
यही थी वह रजनी जिसने केवल आध घंटे के अन्दर उसे पूर्ण-
या मोह लिया था, जिसे बिना किसी अभिमान दुविधा के उसने

सम्भव है इस कष्टदायक वर्षा ही के कारण उनकी हिम्मत पस्त हो गई हो। अर्ध-रात्रि का समय आया ही चाहता था। आकाश के धुँधले परदे से जल धीरे-धीरे गिर रहा था। झाड़ियाँ और वृक्षों की छायाएँ ऐसी लग रही थीं मानो श्मशान में भूत इधर-उधर खड़े हुए पहरा दे रहे हों। भयानक सन्नाटा चारों ओर छाया था। इन्द्र को अपने मन में स्वीकार करना पड़ा कि वहाँ इस तरह देर तक खड़ा रहना कोई आसान काम नहीं है।

पानी में भीगता हुआ वहाँ वह कई मिनट तक और रुका रहा—इस आशा से कि शायद ठाकुर साहब का कुछ पता लग जाय। सहसा वह कानों पर जोर देकर सुनने लगा। गली में भारी पद-ध्वनियाँ आने लगीं। वह तुरन्त ताड़ गया। सन्देह की कोई गुंजाइश नहीं रही। बनर्जी घर वापस आ रहा था। सावधानी की उसे कोई आवश्यकता नहीं थी। अपने पैरों की आवाज़ को दाबने की आवश्यकता भी उसे अनुभव नहीं हो रही थी।

सीधे, बिना इधर-उधर देखे हुए वह फाटक से घुसा और सुव्यवस्थित गति से बंगले की ओर चला। न जाने क्यों ऐसा प्रतीत होता था मानो काल पुरुष लम्बा, तगड़ा यह मनुष्य संसार के सारे मनुष्यों को अपने सामने भुनगा समझता हो, [illegible] समझता हो।

सदर दरवाज़ा खोलकर इन्द्र मकान के भीतर चला गया। वह दबे-पाँव खिड़की के समीप जाकर बड़ी सावधानी से अन्दर झाँकने लगा। उसके हृदय में अन्दर का दृश्य देखकर [illegible] भड़क उठी। [illegible] बनर्जी के आसपास में [illegible] [illegible] रक्खी हुई थीं। [illegible] में और वह उनके सारे [illegible] का [illegible] कर रही थी। [illegible] थी वह [illegible] जिसने [illegible] [illegible] लिया था, [illegible]

घोट दे। किन्तु मन की इस प्रेरणा को वह दबा रहा था क्योंकि वह जानता था कि क्षणिक आवेश अन्त में हानिकारक ही सिद्ध होता है।

रामेन्द्र-भवन के विशाल हाते में वह कुछ ही दूर घूमा था कि एकाएक सड़क पर पड़ी हुई किसी चीज से टकराकर वह गिर पड़ा। उसका एक घुटना बुरी तरह छिल गया।

तुरन्त उठकर वह घुटना सहलाने लगा। सहसा किसी के कराहने की आवाज आई। चौंककर टार्च जलाकर घूमकर उसने देखा कि सड़क पर एक आदमी मुँह के बल पड़ा था। उसके हाथ-पैर बँधे हुए थे और उसके मुख पर एक रूमाल बँधा हुआ था। कीचड़ से उसके वस्त्र बिलकुल सन गये थे, किन्तु वे साफ बतला रहे थे कि वह व्यक्ति कौन है। इन्द्र तुरन्त पहचान गया। वे थे स्वयं ठाकुर साहब।

वे एक मजबूत तार से खूब कसकर बाँधे गये थे, इतना कसकर कि जहाँ-तहाँ उनके शरीर का चमड़ा छिल गया था और खून रिस रहा था। और उनके मुँह में एक गमछा भरा था। उस जगह की जमीन जहाँ उनका सिर टिका हुआ था रक्त से लाल हो गई थी।

इन्द्र की जेब में एक छोटी कैंची थी। उसी की सहायता से तार को पेंचियों से निकाल-निकालकर उसने किसी तरह बंधन खोल डाले और तब ठाकुर साहब को अपनी पीठ पर लादकर वह कोठी की ओर चला।

ठाकुर साहब बेहोश थे। तात्कालिक डाक्टरी सहायता पहुँचाई गई लेकिन बेहोशी किसी तरह दूर नहीं हो सकी। सारी रात बेहोश रहे। वे कुछ भी बतला सकने में असमर्थ थे, इसलिए इस बात का कोई पता नहीं लग सका कि उनकी ऐसी शोचनीय दशा कैसे हुई। टेलीफोन के द्वारा सूचना देकर सिविल

आरम्भ बहुत पहले ही कर चुके थे। उसने अनुभव किया कि उस अवसर का स्वागत वह नहीं कर सकता। किन्तु यह भी उसे स्वीकार करना ही पड़ा कि इस बला से उसकी जान किसी तरह भी नहीं छूट सकती। कठिन समस्या थी।

दो वर्ष से अरुणा को उसने नहीं देखा था। दो वर्ष पहले वह कुछ अजीब-सी लगती थी। उसका शरीर सुगठित नहीं था और सामाजिक नियमों का भी शायद उसे यथेष्ट ज्ञान नहीं था। आत्म-विश्वास का शायद उसके अन्दर अभाव था। किन्तु उसे याद पड़ा कि उसके साथ उसने सदैव बड़ा अच्छा व्यवहार किया था। उसे वह बहुत मानती थी।

अब तो वह शायद सर्वथा दोषरहित, सुशिक्षित और सुसंस्कृत हो गई होगी। विद्या तथा संस्कृति के जिन महान केन्द्रों में रहने का अवसर उसे मिला है उनकी विशेषताओं की छाप उसके व्यक्तित्व पर अवश्य पड़ी होगी। ठाकुर साहब तो उसकी योग्यताओं की सराहना मुक्त-कंठ से करते हैं। वे उसके पिता हैं और अतिशयोक्ति से काम ले सकते हैं, लेकिन यह समझ लेना तो शायद उचित न होगा कि उन्होंने बिलकुल बे-बुनियाद बातें कही हैं। खैर, जो हो, उसका स्वागत तो उसे करना ही पड़ेगा और बेहतर होगा कि वह ऐसा हृदय से करे। गत रात्रि की घटनाओं के बाद ऐसा न करना अन्याय से कम न होगा।

अरुणा को लाने के लिए एक कार तारापुर गई हुई थी। वह अब वापस आयेगी ? अरुणा का स्वागत कर सकने की मन-स्थिति में क्या वह पहुँच चुका था और समझने लगा था कि उस काम में अब उसे विशेष कठिनाई न होगी। ठाकुर साहब की बीमारी का हाल उसे सुनाते समय उसे कुछ सन्तोष, कुछ दिक्कत अनुभव होगी और फिर उसके मन में हलचल मच जायेगी। दूर से किसी मोटर के आने की आवाज आई।

त्र करने का दुस्साहस न करती, अगर परिस्थितियाँ मुझे विवश कर देतीं, पर—"

"अधिक शिष्टाचार की आवश्यकता नहीं," इन्द्र ने कहा। अब तो आ ही गई हो, इसलिए इसके बारे में कुछ कहना-सुनना र्थ है। हाँ, यह मैं जरूर जानना चाहता हूँ कि तुम्हारे यहाँ ने का कारण क्या है?"

रजनी का चेहरा और भी उतर गया। उसे दुःख पहुँचा न्द्र के बात करने के इस ढंग से। उसने उसकी ओर विवशता ी दृष्टि से देखा और फिर वह अपने विचारों को अपने वश में रने का प्रयत्न करने लगी।

"यहाँ क्यों आई हो?" छुरियाँ छिपी थीं इन्द्र के इन ब्दों में।

"तुम्हें चेतावनी देने आई हूँ," विकल स्वर में रजनी ने उत्तर दिया।

"धन्यवाद—अनेक धन्यवाद! लेकिन तुम्हारे उत्तर से बात साफ नहीं हुई। ठीक कहता हूँ न?"

"यहाँ से चले जाओ—तुरन्त चले जाओ। तुम्हारी जिन्दगी तरे में है। तुमसे अनुरोध करती हूँ, विनय करती हूँ, हाथ जोड़- र विनय करती हूँ—कृपा करके यहाँ से चले जाओ। जिस तरह ी उसी तरह इसी समय चले जाओ, सामान साथ में ले ाने के चक्कर में न पड़ो।" ये शब्द उसके मुख से अत्यधिक ेज़ी से निकले। व्यग्रता के आधिक्य के कारण उसके ... होंठ काँप रहे थे और वह अपना रूमाल अपनी उँगलियों पर लपेट ही थी।

"वाह! खूब! अच्छा, अब कृपा करके यह बतलाओ कि तुम्हारी इस असाधारण धृष्टता का वास्तविक अर्थ क्या है..."

फा० ५

"हाँ......हाँ......उसी के बारे में तो तुमसे भेंट करने ई हूँ।"

"अभी तक यह मालूम नहीं हो सका कि यह खेदजनक ना कैसे घटी। बिलकुल रहस्य बनी हुई है यह घटना, और के बारे में किसी बात का भी पता नहीं लग सका है। सिर्फ ना मालूम हो सका है कि अर्ध-रात्रि के समय वे अपने ही के हाते में अध-मरे पड़े पाये गये। उनके हाथ-पैर बँधे हुए और उनके मुख में कपड़ा ठूँसा हुआ था। वे दम तोड रहे । यह सब मैं जानता हूँ क्योंकि मैंने ही उन्हें उस समय उस ा में पाया था।

"इसके डेढ़ घंटे पहले वे तुम्हारी खिड़की के बाहर अन्तिम र देखे गये थे। यह भी मैं जानता हूँ, क्योंकि उस समय वहाँ मैं उनके साथ था। आग के पास एक आरामकुर्सी पर बैठी हुई ा पर रही थीं। ये ही वस्त्र जो तुम उस समय पहने हो उस ाय भी तुम्हारे शरीर पर थे। हाँ, जूतों में फर्क जरूर है। उस ाय तुम भूरे रंग के जूते पहने थीं, इस समय काले रंग के पहने । यह सब ठीक है न? और अब तुम विचित्र-विचित्र ढङ्ग चेतावनियाँ लेकर आई हो और चाहती हो कि अपने प्राणों रक्षा करने के लिए मैं यहाँ से तुरन्त भाग जाऊँ। ऊपर से भी कहती हो कि तुम्हारे ऊपर सन्देह नहीं किया ा सकता!"

भय से आँखें फाड़कर रजनी उनकी ओर देखती रही।

"उफ़! क्या तुम यह समझते हो कि मैंने ही ठाकुर साहब ा स्पर्श किया था?"

"नहीं। और मैं यह भी नहीं समझता कि इस काण्ड में ाग जरा भी हाथ था। लेकिन मैं यह भी कह देना चाहता हूँ तुम्हारे हरकतें ऐसी नहीं हैं कि एक मामूली, अनपढ़ कांस्टे-

रे हो जैसा यहां के लोग मेरे साथ एक मुद्दत से करते आ रहे
। फिर भी मैं चाहती हूँ कि तुम्हारे बारे में जब सोचूँ तब तुम्हारे
सी रूप की कल्पना करूँ जो कल देखने को मिला था—वही
प जो कृपा का सूचक था, सहानुभूति का सूचक था, समझदारी
भरा था। और मैं चाहती हूँ कि इस स्थान से चले जाओ—
स शापग्रस्त स्थान से जितनी दूर जा सको चले जाओ।"

उसके कन्धे पकड़कर इन्द्र ने उसे कुर्सी पर बैठा दिया।

"अब यह अच्छा होगा" शान्त किन्तु दृढ स्वर में इन्द्र ने
हा, "कि हमारी यह बहस किसी तरह समाप्त हो जाय। समय
ता जा रहा है—ऐसा मूल्यवान समय जिसके बीत जाने का
छतावा शायद तुम्हें जीवन भर रहेगा। मैं यह नहीं चाहता कि
म मुझे जानवर समझो या अन्यायी समझो। लेकिन इस
हस्य का पता तो मैं लगाकर ही छोड़ूँगा। अब मैं तुम्हें एक
न्तिम अवसर देता हूँ। थोड़ा-सा विचार करने पर तुम्हें पता
ल जायगा कि अपने लिए तुम कैसी बुरी स्थिति पैदा कर रही
। कल रात को क़रीब दस बजे ठाकुर साहब के साथ मैं रजनी-
टीर के सामने पहुँचा।"

भयभीत दृष्टि से रजनी ने उसकी ओर देखा।

"अच्छा ?"

